प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

जेपी नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज सोलन जिले के कसौली स्थित केंद्रीय अनुसंधान संस्थान में टेटनस और डिप्थीरिया टीके का शुभारंभ किया। यह टीका टेटनस और डिप्थीरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि इस स्वदेशी वैक्सीन का लॉच होना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि भारत स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है।

....

वैष्णव एआई समिट

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि इंडिया ए.आई इम्पैक्ट समिट में कई तकनीकी समाधान प्रस्तुत किए गए हैं। उन्होंने आज सुबह समिट का दौरा करते हुए कहा कि युवाओं में एआई समिट को लेकर बड़ा उत्साह है। उन्होंने कांग्रेस कार्य़कर्ताओं के समिट स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी में कल हंगामा करने पर कहा कि लोगों ने इसे बेहद शर्मनाक बताया। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस का राजनीतिक स्तर बहुत गिर गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस युवा विऱोधी पार्टी है औऱ नए नवाचार नहीं चाहती।

....

विकमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के तहत संचालित परियोजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने विशेष रूप से शिमला जिले के अत्यंत दुर्गम और ऊंचाई वाले क्षेत्र डोडरा क्वार की सड़क परियोजनाओं का विषय प्रमुखता से उठाया। लोक निर्माण मंत्री ने केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चरण—एक के अंतर्गत स्वीकृत डोडरा क्वार क्षेत्र की सड़क का कुछ भाग कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, दुर्गम भू—सतह, अत्यंत प्रतिकूल मौसम और सीमित कार्य अवधि के कारण अभी तक पूर्ण नहीं हो सका है। लोक निमार्ण मंत्री ने डोडरा—क्वार क्षेत्र के लंबित सड़क पैकेजों व चरण—एक के शेष कार्यों के लिए विशेष छूट, अतिरिक्त वित्तीय सहयोग और तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए आग्रह किया।

....

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज .ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण ए.आई.आर. न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

....

आदर्श ग्राम योजना

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना द्वारा अनुसूचित जाति बहुल गांवों के बुनियादी ढांचे में सुधार और गांवों के एकीकृत विकास के लिए शुरू किया गया एक प्रमुख कार्यक्रम है। इस योजना के तहत उना जिला के कई गावों में विकास कार्य चल रहे हैं।योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति के लोगों के सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार करना और बुनियादी सुविधाओं का अभाव दूर करना है।

....